रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 188] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 17, 2002/भाद्र 26, 1924
No. 188] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 17, 2002/BHADRA 26, 1924

## दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

### अधिसूचना

कोलकाता, 12 सितम्बर, 2002

**संदर्भ सं. 18-सी डब्ल्यू ए/9/2002.**—कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स एक्ट, 1959 के खंड 18 के उपखंड 5 के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की परिषद् की वार्षिक रिपोर्ट और उक्त संस्थान के 31 मार्च, 2002 को समाप्त वर्ष के ऑडिट किए हुए लेखों को सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जा रहा है।

आर. एन. पाल, निदेशक (ए एंड एफ)

[सं. विज्ञापन/III/IV/71/2002-असाधा.]

### 43वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2001-2002

लागत एवं संकर्म एकाउंटेंट अधिनियम, 1959 की धारा 18(5) के अधीन जारी।

दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया परिषद् की 31 मार्च, 2002 को समाप्त वर्ष के लिए आई सी डब्ल्यू ए आई की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा-परीक्षित लेखे प्रस्तुत कर रही है।

परिषद् ने दिनांक 22 जुलाई, 2001 को हुई अपनी बैठक में वर्ष 2001-2002 के लिए इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में श्री बी. बी. देवधर, बी.ए. (ऑनर्स), बी.कॉम (आनर्स), एफ सी एस एफ आई सी डब्ल्यू ए तथा उपाध्यक्ष के रूप में श्री कुणाल बनर्जी, बी.ए. (आनर्स), एफ सी ए एफ आई सी डब्ल्यू का चुनाव किया।

वर्ष 2001-2002 के दौरान परिषद् की 6 बैठकें हुईं।

### परिषद् की समितियां

परिषद् द्वारा दिनांक 22 जुलाई, 2001 को गठित की गई विभिन्न समितियों के ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं।

### अध्ययन निदेशालय

### पंजीकृत विद्यार्थी

चालू वर्ष के दौरान, 15,178 विद्यार्थियों ने स्वयं को इंस्टीट्यूट में पंजीकृत कराया। पूर्ववर्ती वर्ष में यह संख्या 15,995 थी। वर्ष के अंत में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 150040 थी। 2000-2001 और 2001-2002 के वर्षों के दौरान पंजीकृत विद्यार्थियों का क्षेत्र-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

**पंजीकरण**

| क्षेत्र | 2000-01 | 2001-02 |
|---|---|---|
| उत्तरी | 2,604 | 2,102 |
| पूर्वी | 1,896 | 1,683 |
| पश्चिमी | 2,973 | 3,160 |
| दक्षिणी | 6,020 | 5,551 |
| **योग** | **13,493** | **12,496** |
| नए सिरे से | 2,502 | 2,682 |
| **कुल योग** | **15,995** | **15,178** |

**कोचिंग**

वर्ष के दौरान 24,813 विद्यार्थियों ने कोचिंग के लिए स्वयं को पंजीकृत कराया। क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :—

| | | डाक द्वारा | | मौखिक द्वारा | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | क्षेत्र | 2000-2001 | 2001-2002 | 2000-2001 | 2001-2002 | 2000-2001 | 2001-2002 |
| इंटर | उत्तरी | 2,693 | 2,785 | 1,244 | 1,142 | 3,937 | 3,927 |
| | पूर्वी | 1,188 | 1,091 | 1,819 | 1,399 | 3,007 | 2,490 |
| | पश्चिमी | 1,630 | 2,335 | 2,949 | 3,196 | 4,579 | 5,531 |
| | दक्षिणी | 4,379 | 5,520 | 5,443 | 5,272 | 9,822 | 10,792 |
| | उप योग | 9,890 | 11,731 | 11,455 | 11,009 | 21,345 | 22,740 |
| फाइनल | उत्तरी | 338 | 345 | 91 | 120 | 429 | 465 |
| | पूर्वी | 293 | 167 | 225 | 117 | 518 | 284 |
| | पश्चिमी | 222 | 222 | 289 | 129 | 511 | 351 |
| | दक्षिणी | 756 | 721 | 404 | 252 | 1,160 | 973 |
| | उप योग | 1,609 | 1,455 | 1,009 | 618 | 2,618 | 2,073 |
| **कुल योग** | | **11,499** | **13,186** | **12,464** | **11,627** | **23,963** | **24,813** |

वर्ष के दौरान क्षेत्रीय परिषदों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन नोट्स, परीक्षा-पत्रों तथा सुझाए गए उत्तरों के रूप में डाक द्वारा कोचिंग की सुविधा जारी रखी गई है। इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं (फाउंडेशन, इंटर तथा फाइनल) तथा स्कैनर में निर्धारित किए गए प्रश्नों के सुझाए गए उत्तरों के प्रकाशन से डाक द्वारा तथा मौखिक कोचिंग कर रहे विद्यार्थियों की मांगे लगातार पूरी हो रही हैं।

डाक द्वारा कोचिंग के अलावा, इंस्टीट्यूट द्वारा देशभर में फैले 105 केन्द्रों और विदेश में दुबई स्थित एक कोचिंग केन्द्र के जरिए विद्यार्थियों को मौखिक कोचिंग उपलब्ध की जा रही है।

**प्रायोगिक प्रशिक्षण योजना**

इंस्टीट्यूट में एक प्रायोगिक प्रशिक्षण योजना चल रही है ताकि विद्यार्थियों को उद्योग, सेवा तथा अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। नए परिवेश में अर्थव्यवस्था की बदलती हुई जरूरत को ध्यान में रखते हुए, प्रशिक्षण योजना को प्रयोक्ता उद्योग, सेवा एवं अन्य क्षेत्रों के परामर्श से संशोधित किया गया है। इंडियन ऑयल कारपोरेशन, भारतीय खाद्य निगम, आईटीसी, नाल्को, इंडोरमा, हिन्दुस्तान लीवर जैसे ख्याति प्राप्त संगठनों, विदेशी बैंकों इत्यादि द्वारा लागत प्रशिक्षुओं को अपने-अपने संगठनों में रखा जा रहा है। वर्ष के दौरान तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, लार्सनस एण्ड टूब्रो लि., इन्डोरमा, आईडीबीआई, आईडीबीआई बैंक, टीवीएस सुजुकी, आईसीआईसीआई इत्यादि जैसे अनेक संगठनों ने जून और दिसम्बर, 2001 के सत्र में आईसीडब्लयूएआई की परीक्षाओं के योग्य अभ्यर्थियों को कैम्पस साक्षात्कारों/वाक-इन-साक्षात्कारों के माध्यम से अपने-अपने संगठनों में भर्ती किया।

**अध्ययन नोट्स में संशोधन/उन्हें अद्यतन बनाना तथा सहायक सामग्री का प्रकाशन**

इंस्टीट्यूट ने विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम घटनाक्रमों को समाविष्ट करने के लिए अध्ययन नोट्स को अद्यतन बनाया है तथा उनमें सुधार किया है। वर्ष के दौरान वित्त अधिनियम, 2001 के आधार पर प्रत्यक्ष कराधान एवं अप्रत्यक्ष कराधान हेतु कर संबंधी अद्यतन सामग्री इंस्टीट्यूट की पत्रिका 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में प्रकाशित की गई है और विद्यार्थियों को नि:शुल्क वितरित की गई है। इस सहायक सामग्री को इंस्टीट्यूट की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया गया है।

**कैरियर काउंसेलिंग उपाय**

वर्ष के दौरान विद्यार्थी समुदाय के बीच पाठ्यक्रम के क्षेत्र-विस्तार का प्रसार करने के लिए विशेष उपाय किए गए थे । इंस्टीट्यूट की शाखाओं से स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के साथ समन्वय करने अथवा वरिष्ठ विद्यार्थियों की बैठकें आयोजित करने के लिए कहा गया था जिनमें इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था और उभरते हुए आर्थिक परिदृश्य में लागत एवं प्रबंधन लेखाकरण के व्यवसाय के क्षेत्र विस्तार को रेखांकित किया था । इस दिशा में परिषद् द्वारा किए गए उपायों पर जोरदार प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है और अगले वित्त वर्ष के दौरान अनेक कैरियर काउंसेलिंग कार्यक्रमों का प्रस्ताव किया गया है । इसके अलावा, सबसे अधिक पढ़े जाने वाले अनेक समाचार-पत्रों तथा पत्रिकाओं द्वारा अपने पाठकों के लिए कैरियर गाइड के रूप में आईसीडब्ल्यू ए आई पाठ्यक्रम के बारे में ब्यौरे प्रकाशित किए गए । क्षेत्रीय समाचार-पत्रों के अलावा, दि टाइम्स ऑफ इंडिया, हिन्दुस्तान टाइम्स, दि टेलीग्राफ तथा आनंद बाजार पत्रिका में प्रकाशित लेखा का भी उल्लेख किया जा सकता है । आई सी डब्ल्यू ए आई पाठ्यक्रम में प्रवेश के बारे मे दो विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित किए गए थे ।

**पाठ्यचर्या का संशोधन**

इंस्टीट्यूट के आधारभूत पाठ्यक्रम में कोचिंग की शुरूआत और परिषद द्वारा यथा स्वीकृत इंस्टीट्यूट के इण्टरमीडिएट तथा फाइनल पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या के संशोधन को भी भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 फरवरी,2002 के अपने पत्र सं0 2/1/2001-आईजीसी के तहत सरकारी राजपत्र में प्रकाशनार्थ अनुमोदित कर दिया गया है । तत्पश्चात् दिनांक 7 फरवरी,2002 को भारत के राजपत्र के भाग ~~रूरू~~ खंड 4 में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई है और आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु उसे दिनांक 11 फरवरी 2002 को सर्वसाधारण को उपलब्ध कराया गया है । जैसाकि अपेक्षित है, परिषद् द्वारा विधीक्षा के उपरान्त प्रस्तावित संशोधित पाठ्यचर्या राजपत्र में अंतिम अधिसूचना और दिनांक 1.7.2002 से क्रियान्वयन हेतु 18.4.2002 को सरकार के पास भेजी गई थी । केन्द्र सरकार ने संशोधित पाठ्यचर्या 25.6.2002 को अनुमोदित कर दी गई थी और उसे 26.6.2002 को राजपत्र मे प्रकाशित किया गया था । संशोधित पाठ्यचर्या के तहत दो अध्ययन नोट्स एक इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए और दूसरा फाइनल पाठ्यक्रम के लिए, को तुरंत प्रकाशित करना संभव हुआ है ।

**अनिवार्य प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण एवं शैक्षिक सुविधा समिति तथा परिषद् द्वारा अन्तिम रूप प्रदत्त प्रशिक्षण योजना, जिसमें अनिवार्य समूह चर्चा, कारबार संसूचना सेमिनार, व्याख्यान, मोड्युलर प्रशिक्षण, कम्प्यूटर हैंडस आन को छोड़कर औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करना शामिल है, को दिनांक 1.1.2001 से लागू किया जा चुका है ।

**कम्प्यूटर प्रशिक्षण**

पहले लिए गए निर्णय के अनुसार, जून 2002 सत्र की परीक्षा में बैठने के इच्छुक विद्यार्थियो के लिए कोचिंग समापन प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण को पूरा करना एक पूर्वापेक्षा बना दिया गया था । यह प्रशिक्षण एन आई आई टी के माध्यम से चलाया जा रहा है । प्रशिक्षण एवं शैक्षिक सुविधा समिति के निर्णय के अनुसार, दिनांक 10 11.2001 के हमारे परिपत्र मे यथा-उल्लिखित अपेक्षित बुनियादी सुविधाएं रखने वाली लगभग 23 क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अधिकृत प्रशिक्षण केन्द्रों के रूप में मान्यता भी प्रदान की गई है । क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के नाम नीचे दिए गए हैं :-

ईआईआरसी, एसआईआरसी, एनआईआरसी, डब्ल्यूआईआरसी, पुणे, नागपुर, भोपाल, सूरत, त्रिसूर, कोचीन, नासिक, बड़ौदा, बंगलौर, कल्यान-अम्बरनाथ, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, जयपुर, त्रिवेन्द्रम, हैदराबाद, दुर्गापुर, तिरूचिरापल्ली, विजयवाड़ा और कोयम्बटूर ।

**विदेशी संस्थाओं तथा बिजनेस स्कूलों द्वारा मान्यता और छूट की पारस्परिक व्यवस्था**

समन्वित प्रयासों से हम व्हार्टन स्कूल, कैली स्कूल ऑफ बिजनेस, स्टुअर्ट ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस ऑफ यू एस ए को अपेक्षित शर्तें पूरी करने पर संबंधित संस्थाओं के संबंधित एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की हमारे सदस्यों को अनुमति देने के लिए राजी करने में सफल हुए थे । दि इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड जनरल एकाउंटेंट्स ओन्टारियों, कनाडा (सीजीए, ओंटारियों) ने आई सी डब्ल्यू ए आई उत्तीर्ण अभ्यर्थियो को अपने पाठ्यक्रम के 22 प्रश्न-पत्रों में से 13 प्रश्न-पत्रों में छूट और एक प्रश्न-पत्र में चैलेंज एग्जामिनेशन प्रिविलेज प्रदान किया । दि इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड मैनेजमेंट एकाउंटैंट्स, यू एस ए(सी एम एम, यू एस ए) ने अपने पाठ्यक्रम के भाग 3 और 4 में आईसीडब्ल्यूएआई के अभ्यर्थियों को छूट प्रदान की और आईसीडब्ल्यूए आई पाठ्यक्रम में सी एम ए उत्तीर्ण अभ्यर्थियो को छूट प्रदान करने के लिए पारस्परिक व्यवस्था करना संभव हुआ है ।

यूरोपियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन मैनेजमेंट (ईआईएएसएम) ने तुलनात्मक अनुसंधान हेतु विश्व भर की विभिन्न व्यावसायिक संस्थानो से आंकड़े एकत्र किए । ऐसा समझा जाता है कि उक्त अनुसंधान का परिणाम अन्तर्राष्ट्रीय लेखा शिक्षा एवं अनुसंधान एसोसिएशन के हांगकांग सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा जिसे नवम्बर,2002 में आईएफएसी विश्व लेखाकार कांग्रेस के सहयोग से आयोजित किया जाएगा । लेखा शिक्षा में वैश्वीकरण के प्रभाव के बारे में अनुसंधान कार्यकलाप की रिपोर्ट दिसम्बर,2001 में प्रकाशित की गई है । उक्त रिपोर्ट मे अन्य अन्तर्राष्ट्रीय निकायों के साथ-साथ आई सी डब्ल्यू ए आई का सिंहावलोकन दिया गया है ।

आई सी एस आई और आई सी डब्ल्यू ए आई की पाठ्यचर्या मे संशोधन के परिणामस्वरूप आईसीएसआई के साथ छूट प्रदान करने की पारस्परिक व्यवस्था करना आवश्यक समझा गया है । अध्ययन निदेशक, आई सी डब्ल्यू ए आई ने यह मामला अब आई सी एस आई के साथ उठाया है । आशा है कि आई सी एस आई के साथ इस प्रकार की पारस्परिक व्यवस्था शीघ्र कर ली जाएगी ।

**परीक्षाएं:**

जून,2001 और दिसम्बर,2001 की परीक्षाएं 78 अन्तर्देशी और 3 विदेशी केन्द्रों पर आयोजित की गई थीं। इन दोनों सत्रों के लिए क्रमशः 29,123 और 28,982 परीक्षार्थी नामांकित किए गए थे । अन्तर्देशी और विदेशी, दोनों परीक्षा केन्द्रो के स्थानों की विस्तृत सूची नीचे दी गई है ।

हमारे इंस्टीट्यूट की वेबसाई <ww.icwai.org> में आगे और सुधार किया गया था और जहां जून,2001 सत्र के लिए केवल परिणाम ही वेबसाइट पर उपलब्ध किए गए थे, वहीं दिसम्बर,2001 के सत्र के लिए प्रवेश-पत्र और विस्तृत अंक तालिका के साथ परिणाम प्रदर्शित किए गए थे जिसकी विद्यार्थी समुदाय ने काफी सराहना की थी । परीक्षार्थियों

के लिए सेवाओं में आगे और सुधार करने तथा परीक्षाओं के सुगम और कुशल संचालन हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ।

तथापि, पहले की गई व्यवस्था के अनुसार, परीक्षा प्रक्रिया नई कम्प्यूटर प्रणाली (ओरेकल) के तहत नहीं चलाई जा सकी क्योंकि मै0 आनट्रेक सिस्टम्स लि0 द्वारा तैयार किए गए पैकेज को त्रुटिरहित नहीं पाया गया था और परियोजना अन्ततः शुरू नहीं की गई थी । तथापि, हार्डवेयर संबंधी भारी अड़चनों के बावजूद स्थिति से मौजूदा कोबोल प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक निपटा जा सका । आशा है कि परीक्षा प्रणाली शीघ्र ही आधुनिकतम प्लेटफार्म में तब्दील कर दी जाएगी और विद्यार्थियो को बेहतर और त्वरित सेवा प्रदान की जाएगी ।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय लागत सम्मेलन के दौरान किया गया था तथा पुरस्कारों के सफल प्राप्तकर्त्ताओं की संख्या काफी हो गई जिससे उक्त आयोजन बेहद सफल रहा जिसमें ख्याति प्राप्त हस्तियां उपस्थित हुई थीं ।

वर्ष के दौरान परीक्षा से जुड़े विभिन्न कर्त्तव्यों के निर्वाह हेतु परीक्षा समिति ने पांच बैठकें की थीं ।

**परीक्षा केन्द्र - जून 2001 और दिसम्बर,2001**

**अन्तर्देशी**

| पश्चिमी क्षेत्र | दक्षिणी क्षेत्र | पूर्वी क्षेत्र | उत्तरी क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | बंगलौर | अगरतल्ला | अजमेर |
| औरंगाबाद | चेन्नई | आसनसोल | इलाहाबाद |
| बड़ौदा | कोयम्बटूर | भुवनेशवर | चण्डीगढ़ |
| भिलाई | एर्णाकुलम | बोकारो | देहरादून |
| भोपाल | हैदराबाद | कोलकाता | दिल्ली |
| बिलासपुर | कोट्टायम | कटक | फरीदाबाद |
| इन्दौर | मदुरै | धनबाद | गाजियाबाद |
| कोल्हापुर | मंगलौर | दुर्गापुर | जयपुर |
| मुम्बई | मैसूर | गुवाहाटी | जम्मू |
| नागपुर | नईवेली | हावड़ा | जोधपुर |
| नासिक | पांडिचेरी | जमशेदपुर | कानपुर |
| पणजी (गोवा) | राजमुंदरी | नैहाटी | कोटा |
| पुणे | सलेम | पटना | लखनऊ |
| सूरत | तिरूवनंतपुरम | रांची | पटियाला |
| विद्यानगर | तिरूचिरापल्ली | राउरकेला | उदयपुर |
| | तिरूवेलविली | | जालंधर |
| | उक्कुनाग्राम | | |
| | वैल्लोर | | |
| | विजयवाड़ा | | |
| | वाल्टेयर | | |

**विदेशी**

| | | |
|---|---|---|
| बोत्सवाना | दुबई | मस्कट |

**सदस्यता**

वर्ष के दौरान 801 अभ्यर्थियों को एसोसिएट सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया था और 138 एसोसिएट सदस्यों का दर्जा बढ़ाकर फैलो सदस्य बनाया गया था । 31 मार्च,2002 की स्थिति के अनुसार, सदस्यों की कुल संख्या 21450 थी । प्रैक्टिस कर रहे सदस्यों की संख्या 1695 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 1744 थी । वर्ष के दौरान नामांकित ग्रेजुएट सदस्यों की संख्या पूर्ववर्ती वर्ष के 431 की तुलना में 364 थी ।

**सदस्य सेवा एवं सदस्य सुविधा समिति**

वर्ष के दौरान सदस्य सेवा एवं सदस्य सुविधा समिति की केवल एक बैठक हुई तथा बैठक में निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए गए थे :

1. 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट में 'सदस्यता दिशा निर्देश' का किस्तो में या एक साथ प्रकाशन करना ।
2. दिशा निर्देशों का अनुपालन हमारे इंस्टीट्यूट के सदस्यो को फैलोशिप प्रदान करने के लिए किया जाना ।
3. दिशा निर्देशों का अनुपालन इंस्टीट्यूट का एसोसिएट सदस्य बनाने के लिए किया जाना ।
4. ऐसे ग्रेजुएट सदस्यो की सूची तैयार करना जो अब तक एसोसिएट सदस्य नहीं बने हैं ।
5. ऐसे विद्यार्थियो की सूची तैयार करना जो फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं किन्तु जो गेजुएट सी डब्ल्यू ए अथवा सदस्य नहीं बने हैं ।
6. कारबार उत्तर लिफाफा प्रणाली लागू करना ।

**चालू वर्ष के दौरान सुधार**

7. चूककर्ता सदस्यों के खिलाफ कड़ी अनुवर्ती कार्रवाई करना ।
8. सदस्यता विभाग को सुदृढ़ करना और समूचे सदस्यता विभाग को इंस्टीट्यूट के एक ही स्थान/मंजिल पर रखना ।
9. सदस्यों को नियमित आधार पर उनकी ओर बकाया धनराशि के बारे में सूचित करना ।
10. एक प्रणाली तैयार करना ताकि प्रयोक्ता सामान्य स्रोत से सदस्यों के पतों का उपयोग कर सकें ।
11. सदस्यों के (आवासीय तथा कार्यालय) दोनों पतों, टेलीफोन नं0 तथा ई-मेल पते के उल्लेख याली सीडी/फ्लापी समूल्य प्रकाशन के रूप में सदस्यों को उपलब्ध की जाए ।
12. प्रत्येक प्रकार की सेवा प्रदान करने में इंस्टीट्यूट द्वारा लिए गए संभावित समय को तालिका के रूप में 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में प्रकाशित करना ।
13. सदस्यों के लिए सेवाओं में सुधार तथा नवीकारी कार्यप्रणाली लागू करने में क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के सुझाव ।
14. कागजी कार्य में यथासंभव अधिकाधिक कमी करना, सदस्यों को इंस्टीट्यूट के ई-मेल पते का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना ।
15. सभी सदस्यों को टेलीफोन नं0 सहित अपने ई-मेल पते तथा फैक्स नं0 प्रस्तुत करने के बारे में सूचित करते हुए 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में उल्लेख शामिल करना ।

ऊपर सूचीबद्ध सभी लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे है । सदस्यों को उचित सेवा तथा सुविधा प्रदान करने के लिए वर्ष 2001-2002 के दौरान निम्नलिखित उपाय सफलतापूर्वक किए गए हैं:-

1. व्यापक स्तर पर सदस्यता रिकार्ड के कम्प्यूटरीकरण के कार्य को पूरा करने की दिशा में उपाय किए गए थे । कम्प्यूटरीकृत रिकार्डों का अन्य संबद्ध विभागों के साथ नेटवर्क कनैक्शन हेतु

सुविधाएं भी मुहैया की गई हैं । इस संबंध में प्रणाली विकास संबंधी आगे कार्यकलाप किए जा रहे हैं ।

2. सदस्यों की संख्या बढ़ाने और बकाया राशि की वसूली करने के एक अभियान के रूप में ग्रेजुएट सीडब्ल्यू ए से यह अनुरोध करते हुए उन्हें पत्र जारी किए गएथे कि वे स्वयं को एसोसिएट सदस्य के रूप में प्रवेश दिलाएं और बकाया राशि की भी बेबाकी करे । इन पत्रों के उत्तर में अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी तथा अनेक सदस्यों ने एसोसिएट सदस्यता हेतु आवेदन किया तथा अपनी बकाया राशि का भुगतान किया ।

3. सदस्यों को अपनी बकाया राशि का भुगतान करने की सूचना देते हुए मासिक पत्रिका 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में सूचना भी प्रकाशित की गई थी ।

4. सदस्यों को अपनी बकाया राशि के बारे में त्वरित सूचना प्राप्त करने में समर्थ बनाने और उन्हें अपनी प्रोफाइल को अद्यतन करने में समर्थ बनाने के लिए इंस्टीट्यूट की वेबसाइट www.icwai.org में अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध की गई हैं । विभिन्न फार्मों और सदस्यता संबंधी दिशा-निर्देशों को डाउनलोड करने की पहले से उपलब्ध सुविधा जारी बनी हुई है ।

5. सदस्यों से प्राप्त सूचना के आधार पर उनके विवरणो को अद्यतन करने और उन्हें इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के उपाय किए गए हैं ।

6. कागजी काम को संभावित सीमा तक कम करने और सदस्यों को ई-मेल का अधिकाधिक उपयोग करने के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ, उनके द्वारा सूचित किए गए ई-मेल पतों को दर्ज करने और ई-मेल के जरिए उनके प्रश्नो का त्वरित उत्तर उपलब्ध कराने के उपाय किए गए थे ।

7. सदस्यों और प्रैक्टिस कर रहे सदस्यों के लाभार्थ समस्त सरकारी अधिसूचनाओं और लागत लेखा-परीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने के लिए कदम उठाए गए हैं ।

8. सदस्यों के लिए सेवाओं में सुधार करने और नवीकारी कार्य प्रणाली लागू करने के संबध में क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं से सुझाव मांगे गए थे ।

9. सदस्यों को प्रत्येक प्रकार की सेवा प्रदान करने में इंस्टीट्यूट द्वारा लिए गए संभावित समय को 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में प्रकाशित करने के लिए कदम उठाए गए थे ।

समिति को आशा है कि इन कदमो से सदस्यो को निश्चित रूप से बेहतर सेवा प्राप्त होगी और सदस्यों से इसमें आगे और सुधार करने के बारे में सुझाव प्राप्त होते रहेगे ।

**अनुसंधान एवं पत्रिका समिति**

इस वर्ष इंस्टीट्यूट की पत्रिका 'दि मैनेजमेंट एकाउंटेंट' में संकार्य के परम्परागत क्षेत्रों से आगे निकलकर नए युग मे लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों की नई भूमिका पर पुनः जोर दिया गया । पत्रिका के मुख्य पृष्ठ पर उल्लिखित चित्र में बदलते हुए परिदृश्य में लागत लेखाकारों के नए संदर्भ को प्रदर्शित किया गया । व्यावसायिकों के हाथों में पत्रिका की व्यावहारिक उपयोगिता में काफी सुधार हुआ और अन्य व्यवसायों के सदस्यों ने भी इसका इस्तेमाल स्रोत पुस्तिका के रूप मे किया ।

लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों के व्यवसाय को सरकार एवं समाज की ओर से अधिक मान्यता मिलने के कारण जहां इस्पात, विद्युत, इलैक्ट्रानिक्स इत्यादि जैसे नए उद्योगों को सांविधिक लागत लेखाकरण और लागू लेखा परीक्षा के अन्तर्गत लाया गया था वहीं लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट संबंधी नियमों में आमूल-चूल परिवर्तन के साथ-साथ अधिकांश लागत लेखा रिकार्डों में अनेक मूलभूत परिवर्तन किए गए थे । व्यावहारिक क्षेत्र में इन परिवर्तनों के प्रभाव और प्रासंगिकता को बदलते हुए परिदृश्य के प्रति हमारी समझ को बढ़ाने में अपना योगदान करने वाले प्रैक्टिस और सेवाकार रहे दोनों प्रकार के लागू लेखाकारों की अधिकाधिक भागीदारी से पत्रिका में तुरंत प्रकाशित किया गया था । निरंतर उत्कृष्टता हासिल करने में वास्तविक समस्याओं को अभिज्ञात करने और उनका समाधान करने अथवा समाधान खोजने पर जोर दिया गया था ।

इस वर्ष पत्रिका के समय पर प्रकाशन और उसके परिचालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ था । विद्यार्थियों और अंशदाताओं में विद्यार्थी संस्करण के नए चरण का परिचालन शुरू हो गया है ।

जहां तक अनुसंधान कार्यकलापों का संबंध है, नई बौद्धिक निविष्टियां रिसर्च बुलेटिनें के जरिए प्रसारित की गई थीं । रिसर्च बुलेटिन में आंकलन में विशेषज्ञों एव कार्यनितिक चिंतक के रूप में हमारी नई भूमिका का विशेष रूप से उल्लेख किया गया था । 'आंकलन - उद्योगों का निष्पादन, आंकलन, जोखिम आंकलन एवं विश्लेषण, ईवीए जैसे आंकलन संबंधी साधन का मूल्यांकन तथा कृषि लागत-लाभ परिदृश्य का निर्धारण, जिसने डब्ल्यू टी ओ प्रणाली में अत्यधिक महत्ता हासिल की है । तथापि वित्तीय अड़चन के कारण अनुसंधान संबंधी नई परियोजनाएं शुरू करने के कार्य को कुछ देर के लिए रोक दिया गया था । दूसरी ओर आर्थिक विश्व के लिए व्यावहारिक उपयोगिता रखने वाली संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं से पूछ-ताछ प्राप्त हुई थीं । ऐसी एक परियोजना के बारे में कीमत फार्मूले पर विचार-विमर्श चल रहा है ।

**अन्तरराष्ट्रीय कार्य**

इस अवधि के दौरान इंस्टीट्यूट ने आईएफएसी(अन्तरराष्ट्रीय लेखाकार परिसंघ), सीएपीए (एशियाई एवं प्रशांत लेखाकार महासंघ), और एस ए एफ ए (दक्षिण एशियाई लेखाकार परिसंघ) जैसे सभी अन्तरराष्ट्रीय लेखाकरण निकायों मे भारत का प्रतिनिधित्व किया । प्रसंगवश, इंस्टीट्यूट इन तीनों अन्तरराष्ट्रीय लेखाकरण निकायों का संस्थापक सदस्य बन गया।

श्री एस रामनाथन, पूर्व अध्यक्ष तथा मौजूदा परिषद सदस्य को आई एफ ए सी की प्रतिष्ठित एफ एम ए सी (अन्तरराष्ट्रीय लेखाकार परिसंघ की वित्तीय एवं प्रबंधन लेखा समिति) का सदस्य नियुक्त किया गया था जबकि श्री वी.वी. देवधर, अध्यक्ष, इसी समिति में तकनीकी सलाहकार थे।

इंस्टीट्यूट ने अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण निकायों की विभिन्न बैठकों और इनसे जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों मे भाग लिया । वर्णक्रमानुसार विवरण निम्नानुसार हैः-

**सीएपीए**

मई,2001 मे कुआलालम्पुर में सीएपीए एक्सकाम का आयोजन किया गया था जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आई सी डब्ल्यू ए आई प्रतिनिधिमंडल के रूप में श्री डी.सी बजाज (तत्कालीन अध्यक्ष) और श्री वी.वी. देवधर(तत्कालीन उपाध्यक्ष और मौजूदा अध्यक्ष) ने भाग लिया था । अक्तूबर,2001 में सिडनी, आस्ट्रेलिया में आयोजित सीएपीए असेम्बली में श्री वी.वी. देवधर और श्री एस रामनाथन ने भाग लिया था । पिछला सी ए पी ए एक्सकाम अप्रैल,2002 में टोक्यो,जापान में आयोजित हुआ था जिसमें आई सी डब्ल्यू ए आई की ओर से श्री वी0वी. देवधर और श्री एस रामनाथन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था ।

**आईएफएसी**

आई एफ ए सी - एफ एम ए सी की बैठक मार्च, 2002 में सिडनी, आस्ट्रेलिया में हुई थी, जिसमें श्री वी.वी. देवधर और श्री एस रामनाथन ने भाग लिया था

**एस ए एफ ए**

इंस्टीट्यूट ने दिसम्बर, 2001 में गोवा में आयोजित एसएएफए असेम्बली में भाग लिया था । पिछली एसएएफए असेम्बली मई,2002 में मुम्बई में आयाजित हुई थी, जिसमें आई सी डब्ल्यू ए आई के प्रतिनिधिमण्डल में श्री राजीव महर्षि (आईसीडब्ल्यूएआई परिषद में केन्द्र सरकार के नामिती) और श्री वी.वी. देवधर शामिल थे ।

इन सभी बैठकों में इंस्टीट्यूट ने खासकर भारतीय लेखाकारों - लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों के हितों और इन सबके अलावा, भारत के राष्ट्रीय हितों का प्रतिनिधित्व किया था ।

***व्यावसायिक विकास समिति***

इंस्टीट्यूट की परिषद की व्यावसायिक विकास समिति, जिसकी वर्ष के दौरान समय-समय पर बैठकें हुईं, ने व्यावसायिक विकास, चुनौतियों और अवसरों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। समिति ने प्रभावी लागत नियंत्रण और लागत में कमी के जरिए देश की अर्थव्यवस्था के विकास में व्यावसायिक विकास के क्षेत्र और लागत लेखाकारों की संवर्धित भूमिका को व्यापक बनाने और सुदृढ़ करने के लिए भारत सरकार के संबंधित विभागों के साथ प्रभावी ढंग से संपर्क स्थापित किया । संदर्भाधीन वर्ष के दौरान इस संबंध में निम्नलिखित कार्य किए गए:

1. **मौजूदा लागत लेखा रिकार्ड संबंधी नियमों में संशोधन**

(क) लागत लेखा रिकार्ड (रसायन उद्योग) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्र विस्तार में अन्य 21 रसायनों को शामिल किया जा सके ।

(ख) लागत लेखा रिकार्ड (इंजीनियरी उद्योग) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्र विस्तार में ऑटोमोटिव कल-पुर्जों, विद्युत ट्रांसफार्मरों, विद्युत जनरेटर और मशीन औजारों को शामिल किया जा सके ।

(ग) लागत लेखा रिकार्ड (मोटर वाहन) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्र-विस्तार में भारी अर्थ मूविंग उपकरणों को शामिल किया जा सके ।

(घ) लागत लेखा रिकार्ड (लघु इस्पात संयंत्र) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्रविस्तार में लघु इस्पात संयंत्रों की बजाय सभी इस्पात संयंत्रों को शामिल किया जा सके ।

(ङ.) लागत लेखा रिकार्ड (वनस्पति) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि बदली हुई प्रचालानात्मक प्रौद्योगिकी के मद्देनजर रिकार्डों को अद्यतन बनाया जा सके ।

(च) लागत लेखा रिकार्ड (सूत्रीकरण) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि बदली हुई प्रचालानात्मक प्रौद्योगिकी के मद्देनजर रिकार्डों को अद्यतन बनाया जा सके ।

(छ) लागत लेखा रिकार्ड (दुग्ध खाद्य) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्र-विस्तार में आइसक्रीम, चाकलेट और देशी घी को शामिल किया जा सके।

(ज) लागत लेखा रिकार्ड (बल्क औषधि) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि बदली हुई प्रचालानात्मक प्रौद्योगिकी के मद्देनजर रिकार्डों को अद्यतन बनाया जा सके ।

(झ) लागत लेखा रिकार्ड (एल्युमिनियम) नियमावली में संशोधन किया गया था ताकि उसके क्षेत्र-विस्तार में पन्नी, जो अब तक नियमावली में शामिल नहीं थी, को शामिल किया जा सके ।

2. **संशोधित लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट संबंधी नियमावली, 2001 तथा इंस्टीट्यूट के दिशा-निर्देश संबंधी नोट्स**

संशोधित, अद्यतन और व्यापक लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट संबंधी नियमावली, 2001 जारी की गई थी ताकि उसके क्षेत्र एवं कवरेज को बढ़ाया जा सके और रिपोर्टिंग प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके । उत्पाद अथवा कार्यकलाप हेतु कंपनी की लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुबन्धों तथा प्रपत्र को कंपनी सचिव तथा कंपनी के कम से कम एक निदेशक द्वारा अधिप्रमाणित करना होता है । लागत लेखा रिपोर्ट संबंधी नियमावली में नए प्रावधानों से अधिक वैज्ञानिक नियंत्रण की दिशा में कंपनियों के व्यापारिक क्रियाकलापों के संबंध में बेहतर विश्लेषणात्मक पद्धति उपलब्ध होगी ।

इंस्टीट्यूट ने संशोधित लागत लेखा-परीक्षा रिपोर्ट संबंधी नियमावली, 2001 के अधीन एक व्यापक पुस्तिका प्रकाशित की जिसमें लागत लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शी नोट्स शामिल थे । इस पुस्तिका में लागत लेखा परीक्षा के सभी पहलू निहित हैं और यह उद्योग एवं प्रैक्टिस कर रहे लागत लेखाकरों को उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है ।

3. **नए लागत लेखा रिकार्ड संबंधी नियम जारी करना**

निम्नलिखित लेखा रिकार्ड संबंधी नियम जारी किए गए थे:-

(क) लागत लेखा रिकार्ड (खनन एवं धातु कर्म) नियमावली, 2001

(ख) लागत लेखा रिकार्ड (इलैक्ट्रानिक उत्पाद) नियमावली, 2001

(ग) लागत लेखा रिकार्ड (विद्युत उद्योग) नियमावली, 2001

4. **उभरते हुए नए क्षेत्र**

(क) सरकार ने अन्तरण कीमत निर्धारण समिति का गठन किया है जिसमें हमारे इंस्टीट्यूट को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है ।

(ख) श्री चन्द्र वधवा की अध्यक्षता में लागत लेखा मानक बोर्ड का गठन किया गया है जिसने 'लागत वर्गीकरण' संबंधी लागत लेखा मानक तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है ।

(ग) लेखा परीक्षा समिति का गठन: कंपनी के कार्यों के प्रबंधन मे लागत लेखा परीक्षक की भूमिका को भली भांति स्वीकार किया गया है और कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 292-क में संशोधन के परिणामस्वरूप उसे लेखा परीक्षा समिति मे शामिल किया गया है ।

5. **इंस्टीट्यूट की लागत लेखा परीक्षा पुस्तिकाएं**

विभिन्न उद्योगों में लागत लेखा परीक्षा करने के लिए उद्योगों और प्रैक्टिस कर रहे लागत लेखाकरों को इंस्टीट्यूट के दिशा निर्देश उपलब्ध किए गए थे । इस प्रयोजनार्थ इंस्टीट्यूट द्वारा जारी लागत लेखा परीक्षा पुस्तिकाएं वर्ष के दौरान जारी की गई थीं जो साबुन एवं डिटर्जेंट, फुट वियर, औद्योगिक गैस त्यादि जैसे उद्योगों से संबंधित थीं । इलैक्ट्रानिक उद्योग से संबंधित पुस्तिका तैयार की जा रही है । सीमेंट उद्योग से संबंधित दिशा निर्देश भी अद्यतन किए जा रहे हैं ।

यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि लागत लेखाकारों को विविध संविधियों के तहत व्यापक क्षेत्रों में मान्यता मिले ।

**वित्तीय संस्थान, बीमा एवं सेवा क्षेत्र समिति**

समिति ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रबंधन लेखाकरों के क्षेत्र का विस्तार करने पर समुचित जोर दिया था । पूर्ववर्ती समितियों द्वारा अभिज्ञात किए गए थ्रस्ट क्षेत्रों अर्थात् बैंकिंग एवं वित्त क्षेत्रों में स्टॉक की लेखा परीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा, बैंक लाभप्रदता विश्लेषण, परियोजना वित्त, एनपीए का निर्धारण एवं प्रबंधन, पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार तथा सौदा लागत मे कमी इत्यादि को नए प्रयास के साथ जारी रखा गया था । बातचीत के माध्यम खुले रखे गए थे और सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए लगातार अनुवर्ती कार्रवाइयां की गई थीं । शाखाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया गया था कि वे क्षेत्र विशिष्ट विषयों पर नियमित रूप से सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करके क्षेत्रों के साथ सम्पर्क बनाए रखें जिनमें इन क्षेत्रों के स्थानीय विशेषज्ञ और प्रबंधक शामिल किए जाएं । स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा, पर्यटन, नगर पालिका इत्यादि जैसे सेवा क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया था । समिति इन क्षेत्रों में क्षेत्र विस्तार के बारे में सदस्यों के बीच जागरुकता पैदा करने में सफल हुई है ।

वित्त एवं लेखा कार्मिकों की भर्ती हेतु राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित भेदभावपूर्ण नियुक्ति संबंधी विज्ञापनों का जवाब देने के लिए सतत् प्रयास किए गए थे । उद्योगों एवं भर्ती एजेंसियों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थीं । इससे उद्योगों एवं भर्ती एजेंसियों में जागरुकता भी पैदा हुई थीं । अध्ययन निदेशक ने इस संबंध में काफी समय तक पहल की है ।

समिति के सतत प्रयासों से इंस्टीट्यूट को इस क्षेत्र में प्रकृष्टता स्थापित करने में मदद मिली और इससे अपेक्षित परिणाम प्राप्त हुए हैं ।

**सतत शिक्षा कार्यक्रम**

वर्ष 2001-2002 के दौरान इंस्टीट्यूट की सतत शिक्षा कार्यक्रम समिति ने रिकार्ड संख्या में 50 प्रबंधन विकास कार्यक्रम चलाए । इसमें विभिन्न संगठनों के लिए अनन्य रूप से इन-हाउस कार्यक्रम भारत और विदेशों में विभिन्न स्थानों पर निवासी एवं अनिवासी आधार पर स्वचालित (खुला) कार्यक्रम शामिल थे ।

इन-हाउस कार्यक्रम अनन्यरूप से निम्नलिखित संगठनों के कर्मचारियों के लिए आयोजित किए गए थे:-

(i) तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लि0
(ii) इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटि लि0
(iii) महानगर टेलीफोन निगम लि0
(iv) भारतीय तेल निगम लि0
(v) भारतीय गैस प्राधिकरण लि0
(vi) मारुति उद्योग लि0
(vii) तेल उद्योग विकास बोर्ड
(viii) भारतीय जल सेना
(ix) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(x) डी सी एम लि0
(xi) भारत संचार निगम लि0

निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए थे :-

(i) कार्यकलाप आधारित लागत निर्धारण एवं प्रबंधन
(ii) लागत नियंत्रण एवं लागत मितव्ययिता ।
(iii) यू एस जी ए एपी और अन्तरराष्ट्रीय लेखाकरण मानक
(iv) निगमित वित्त
(v) वित्तीय प्रबंधन में उभरते हुए रूझान
(vi) निगमित कराधान
(vii) स्रोत पर काटा गया कर
(viii) गैर-वित्त कार्यकारियों के लिए वित्तीय प्रबंधन
(ix) ई-कॉमर्स हेतु व्यापार प्रक्रिया का सुदृढ़ीकरण
(x) इंजीनियरों के लिए लागत निर्धारण
(xi) डब्ल्यूटीओ का प्रभाव
(xii) वित्त कार्मिकों के लिए कुशलता विकास कार्यक्रम
(xiii) खजाना संकार्य एवं प्रबंधन
(xiv) कार्यनीतिक लागत प्रबंधन
(xv) वित्तीय कार्यकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम
(xvi) सामग्री प्रबंधन
(xvii) प्रबंधकीय प्रभावकारिता
(xviii) अप्रत्यक्ष कराधान एवं सेवा कर
(xix) लेखा मानक

वर्ष के दौरान समित ने निम्नलिखित संगठनों/विभागों के साथ संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए:

(1) लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार (डीपीई)
(2) भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई)
(3) ऑटोमोटिव कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए)
(4) कंज्यूमर इलैक्ट्रानिक्स एण्ड टी वी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीईटीएमए)

'वित्तीय प्रबंधन में उभरते हुए रूझानों पर कार्यक्रम का आयोजन आवासीय आधार पर सिंगापुर, मलेशिया और बैंकाक में किया गया है जिसकी अनेक सरकारी एवं निजी क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ वित्त कार्यकारियों द्वारा काफी सराहना की गई थी ।

' यू एस जी ए एपी और अन्तरराष्ट्रीय लेखाकरण मानकों पर अनन्य एवं गहन कार्यक्रम, जिसका आयोजन आवासीय आधार पर काठमांडु, नेपाल में किया गया है, में नेपाल और भारत के सरकारी और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों एवं बैंकों के वरिष्ठ कार्यकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था ।

समिति यह सूचित करते हुए हर्ष का अनुभव कर रही है कि 'यू एस जी ए एपी और अन्तर्राष्ट्रीय लेखाकरण मानकों पर समिति द्वारा तैयार किए गए नए विशिष्टीकृत कार्यक्रम की इस वर्ष के दौरान काठमांडु और मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले भागीदारों और संगठनों द्वारा काफी सराहना की गई थी ।

अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए फैकल्टियां भारतीय फैकल्टी के अलावा संबंधित विदेशों से ली गई थीं ।

जिन भागीदारों ने समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया है, उनमें सरकारी और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, बीमा कंपनियों, सरकारी विभागों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वरिष्ठ एवं मध्यम स्तर के कार्यकारी शामिल हैं ।

समिति इंस्टीट्यूट के सदस्यों और भारतीय निगमित क्षेत्र तथा सरकारी विभागों के वरिष्ठ एवं मध्यम स्तर के कार्यकारियों के लाभार्थ लागत प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, कराधान इत्यादि के नए उभरते हुए क्षेत्रों में आगामी वर्ष के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है । जैसाकि विगत में आयोजन किया गया है, आगामी वर्ष के दौरान समिति तीन अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है ।

समिति की यह भी योजना है कि दिल्ली और समूचे भारत के अन्य स्थानों पर लोक उद्यम विभाग (डीपीई), भारत सरकार तथा अन्य व्यापारिक एसोसिएशनों एवं निकायों के साथ संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

समिति अन्त में इस वर्ष के दौरान समिति के कार्यकलापों में विभिन्न संगठनों द्वारा की गई सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित करती है । समिति इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, परिषद सदस्यों तथा कर्मचारियों को भी धन्यवाद ज्ञापित करती है, जिन्होंने समिति के कार्यकलापों में निरंतर सहायता की।

**लेखा**

इंस्टीट्यूट के वर्ष 2001-2002 के लेखा परीक्षित लेखे, उस पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित, इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है ।

**सराहना एवं धन्यवाद**

व्यवसाय के हेतु को आगे बढ़ाने के लिए परिषद अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं सभी सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना करती है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान परिषद को प्रदत्त सहयोग एवं सहायता के लिए परिषद सरकारी विभागों विशेषरूप से विधि, न्याय एवं कम्पनी कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, उद्योग मंत्रालय, अन्य सरकारी विभागों, विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्र के संगठनों, स्वायत्तशासी निकायों, बैंको, बीमा कम्पनियों, वित्तीय संस्थाओं तथा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सचिवों एवं अधिकारियों को भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती है । समिति भविष्य में भी इस प्रकार की सतत् मदद, सहयोग एवं मार्गदर्शन की आशा करती है।

परिषद के आदेश से

( वी.वी देवधर )
अध्यक्ष

कोलकाता
दिनांक 21 जुलाई,2002

## पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यू आई आर सी)

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान डब्ल्यू आई आर सी ने निम्नलिखित कार्यकलाप किए :-

(1) प्रत्येक स्तर के विद्यार्थियों के लिए डब्ल्यू आई आर सी द्वारा समूचे देश में और विदेशों में आई सी डब्ल्यू ए आई के विद्यार्थियो के लाभार्थ इलैक्ट्रानिक मेल डिस्कशन ग्रुप प्रस्तुत किए गए है। समस्त क्षेत्रों एवं विदेशों का विद्यार्थी समुदाय इस सुविधा से लाभान्वित हुआ है।

(2) मौखिक एवं डाक द्वारा कोचिंग संकाय की एक बैठक 30.3.2002 को आयोजित की गई थी । डब्ल्यू आई आर सी के कोचिंग केन्द्रों के स्तर को सुधारने के लिए संकाय को अनेक रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुए थे । श्री रमेश एम.जोशी, विद्यार्थी, सदस्य एवं शाखा समन्वय समिति के मानद सचिव एवं अध्यक्ष ने सुधार हेतु बहुमूल्य सुझाव देने के लिए संकाय सदस्यों को धन्यवाद दिया । उन्होंने उन मौजूदा जरूरतों को भी स्पष्ट किया जिनकी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार हेतु संकाय सदस्यों से डब्ल्यू आई आर सी आशा करती है । इस अवसर पर श्री वी.वी. देवधर अध्यक्ष आई सी डब्ल्यू ए आई और श्री एस.आर. ऐ, चेयरमैन, डब्ल्यू आई आर सी ने भी संकाय सदस्यों को संबोधित किया ।

(3) डब्ल्यू आई आर सी ने डब्ल्यू आई आर सी परिसर में कम्प्यूटर प्रयोगशाला तैयार करने और उसे चलाने की पहल की है । इस प्रयोगशाला का उद्घाटन श्री वी.वी. देवधर, अध्यक्ष, आई सी डब्ल्यू ए आई, श्री डी वी जोशी, केन्द्रीय परिषद सदस्य, श्री पी डी फड़के, पूर्व अध्यक्ष, आई सी डब्ल्यू ए आई के साथ श्री एस आर. ऐ., चेयरमैन द्वारा दिनांक 1.2.2002 को किया गया था । कम्प्यूटर प्रयोगशाला की क्षमता एक बैच में 20 विद्यार्थियों को समायोजित करने की है । प्रशिक्षण बैच एक सप्ताह में छः दिन के आधार पर प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक चलाए जाते हैं । विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बैच के समय को आपसी सहमति के अनुसार समायोजित/बढ़ाया जाता है । कुछेक विशेष अवकाश बैच भी चलाए जाते हैं ।

(4) डब्ल्यू आई आर सी ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए इण्टरमीडिएट और फाइनल हेतु आन लाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा भी विकसित की है । यह सुविधा अपने विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण चलाने वाली समूचे भारती की शाखाओं और अन्य क्षेत्रीय परिषदों के लिए उपलब्ध है । डब्ल्यू आई आर सी ने इण्टरमीडिएट एवं फाइनल हेतु कोचिंग कर रहे विद्यार्थियों के लिए आई सी डब्ल्यू ए आई द्वारा निर्धारित अनिवार्य कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु अध्ययन सामग्री प्रकाशित की है । ये पुस्तकें कोलकाता में आई सी डब्ल्यू ए आई के 43 वे राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर दिनांक 11 जनवरी,2002 को श्री रवि शंकर प्रसाद, केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री द्वारा जारी की गई थीं ।

(5) डब्ल्यू आई आर सी ने भारतीय तेल निगम लि0 के वित्त अधिकारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यकारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया ।

(6) आई सी डब्ल्यू ए आई के सतत शिक्षा कार्यक्रम निदेशालय की ओर से एनटीएमएल के वित्त एवं लेखा अधिकारियों के लिए एक अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

## दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद( एस आई आर सी)

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एसआईआरसी ने निम्नलिखित कार्यकलाप किए:

(1) बंगलौर में दिनांक 4.6.2001 को आठवें वासवराजू मैमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया था । अध्यक्ष, एस आई आर सी ने इस व्याख्यान की महत्ता को स्पष्ट किया और सदस्यों को पूर्ववर्ती वर्षो में चलाए गए कार्यक्रमों के बारे में बताया । मुख्य अतिथि, श्री जयेश चक्रवर्ती, वी.पी - स्ट्रेटेजिक,

कंसल्टिंग एण्ड हैड-इंडिया बिजनेस ऑफ माइंड ट्री कंसल्टेंट्स लि0 ने कार्यकारी पहलुओं पर वक्तव्य दिया ।

(2) एस आई आर सी ने 22.9.2001 को हैदराबाद में होटल वायसराय में हैदराबाद लागत लेखाकार शाखा के साथ यू एस जी ए एपी पर एक दिवसीय सेमिनार का संयुक्त रूप से आयोजन किया । उक्त एक दिवसीय सेमिनार में शामिल किए गए विषयों में शामिल थे - यूएसजीएपी को लागू करना, यूएसजीएपी बनाम भारतीय जीएएपी, विनिर्माण एवं साफ्टवेयर कंपनियों में यूएसजीएपी के कार्यान्वयन के अनुभव । इस सेमिनार में अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था और प्रतिनिधियों एवं वक्ताओं के बीच आमने-सामने बातचीत हुई थी ।

(3) दिनांक 21 और 22 दिसम्बर,2001 को एसआईआरसी और कोयम्बटूर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से 'कैजन कास्टिंग' पर एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था । श्री एस.दुराईराजन, मुख्य प्रचालन अधिकारी कैजन इस्टीट्यूट ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया था । इस सेमिनार में कंपनियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था ।

(4) लागत लेखाकारों की त्रिवेन्द्रम शाखा ने 2 और 3 फरवरी, 2002 को 'वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में उत्तरजीविता हेतु कार्यनीतियां' विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया था । इस सम्मेलन का उद्घाटन श्री कुन्हाली कुट्टी, माननीय उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, केरल सरकार द्वारा किया गया था और मुख्य भाषण श्री जॉन मथाई, आई ए एस, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, केरल सरकार द्वारा दिया गया था ।

(5) एस आई आर सी ने 8 और 9 मार्च, 2002 को त्रिची मे 'लागत प्रबंधन में उभरते हुए रूझान' विषय पर त्रिची शाखा के साथ संयुक्त रूप से एक क्षेत्रीय सेमिनार का आयोजन किया। श्री वी.जयरामन, इन्श्योरेंस आम्बड्समैन ने उद्घाटन किया और श्री के.आर. शिनाय, अध्यक्ष, लक्ष्मी विलास बैंक ने मुख्य भाषण दिया ।

(6) दिनांक 15 और 16 मार्च, 2002 को 'कॉस्ट कार्निवल -2002' पर एक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था । सुश्री जयश्री वेंकटरमन, पूर्णकालिक निदेशक, टीएएफई एक्सेज लि0, चैन्नई ने सम्मेलन का उद्घाटन किया था ।

(7) दिनांक 23 मार्च,2002 को पांडिचेरी में 'डब्ल्यू टी ओ - समझौता एक प्रभाव' पर एक सेमिनार का उद्घाटन श्री एम.एच. उपाध्याय, टी ए एन एफ ए सी इन्डस्ट्रीज लि0 के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया था ।

(8) बी एस एन एल, चैन्नई के 'लेखा कार्मिकों के लिए एक इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दो बैचों में क्रमशः 30 अप्रैल और 5 मई, 2001 तथा 14 और 19 मई,2001 को एसआईआरसी द्वारा किया गया था ।

(9) भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के कार्यकारियों के लिए उनके परिसर में दिनांक 8 अक्तूबर,2001 को 'गैर-वित्त कार्यकारियों के लिए वित्त' विषय पर एक इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(10) दिनांक 16 और 18 जनवरी, 2002 के बीच पीएसईजी - पीपीएम आपरेशंस प्रा0 लि0, तिरूक्काडैयुर, तमिलनाडु के कार्यकारियों के लिए 'गैर-वित्त कार्यकारियों के लिए वित्त' विषय पर तीन दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(11) दिनांक 29 अक्तूबर और 24 नवम्बर,2001 के बीच भारतीय तेल निगम लि0 के लेखा अधिकारियों के लिए 'वित और लेखा पद्धतियां' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री एस.आर. अनन्तनारायण, उप महाप्रबंधक (वित्त) ओ आई सी एल, चैन्नई द्वारा किया गया था । कार्यक्रम के दूसरे चरण का आयोजन 16 जनवरी और 7 फरवरी,2002 के बीच किया गया था और इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री गणेश कुमार, प्रबंधक - प्रशिक्षण, ओ आई सी एल द्वारा किया गया था ।

(12) चालू अवधि के दौरान आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को रेखांकित करने लिए और चैन्नई स्थित एसआईआरसी द्वारा निकाले गए 'इवेन्ट्स कैलेण्डर' को जारी करने के लिए दिनांक 25 अगस्त,2001 को उद्योग प्रमुखों के साथ एक 'विचार विनिमय बैठक' का आयोजन किया गया था। इस बैठक का आयोजन श्री एस रविचन्द्रन, निदेशक(वित्त) पेंट साफ्ट टेक्नालाजीज लि0, चैन्नई द्वारा किया गया था ।

(13) दिनांक 7 अक्तूबर, 2001 को त्रिची में 'एबीसीएम एण्ड कारपोरेट गवर्नेंट' विषय पर आई सी डब्ल्यू ए आई, आई सी ए आई और आई सी एस आई द्वारा एक संयुक्त व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(14) दिनांक 14 जुलाई, 2001 को चैन्नई मे 'अन्तरण कीमत निर्धारण' पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया था ।

(15) दिनांक 25 अगस्त, 2001 को चैन्नई में 'सेनवैट एण्ड टी एन जी एस टी' पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था ।

(16) दिनांक 15 सितम्बर, 2001 को चैन्नई में 'निगमित कराधान और स्रोत पर कर की कटौती' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था ।

(17) एस आई आर सी द्वारा 29 सितम्बर,2001 को 'ओरेकल फाइनेंशियल्स' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था ।

(18) दिनांक 10 नवम्बर, 2001 को चैन्नई में 'लेखा मानक एवं लेखा परीक्षा पद्धति विवरण' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था ।

(19) दिनांक 27 दिसम्बर, 2001 को चैन्नई में 'फेमा प्रतिस्पर्धा नीति और कार्यकारी क्षतिपूर्ति' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था ।

(20) हमारे सदस्यों और विद्यार्थियों के लाभार्थ आई सी डब्ल्यू ए आई की एस आई आर सी ने एस एस आई लि0 के सहयोग से 12 सप्ताह का एक अनन्य कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया था ।

(21) आई सी डब्ल्यू ए आई की एस आई आर सी ने दिनांक 7 मार्च, 2002 को 'केन्द्रीय बजट - 2002 ' पर चर्चा का आयोजन किया था ।

**पूर्व भारत क्षेत्रीय परिषद**

(1) अखिल भारतीय विद्यार्थी सम्मेलन स्टेट यूथ सैंटर, कोलकाता मे दिनांक 11 नवम्बर, 2001 को हुआ था । इस सम्मेलन का विषय था 'ई-बिजनेस इरा - रोल ऑफ मैनेजमेंट एकाउंटेंट्स' । श्री मनब मुखर्जी, सूचना और प्रौद्योगिकी के प्रभारी मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया था।

(2) लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों के 43 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 11-13 जनवरी,2002 को पार्क होटल, कोलकाता में किया गया था । इस सम्मेलन का विषय था ' सस्टेनिंग कम्पटीटिव एडवंटेज - द ग्लोबल परस्पैक्टिव ' । श्री रवि शंकर प्रसाद, केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया था ।

(3) ई आई आर सी ने दिनांक 13.4.2002 को ई आई आर सी परिसर में 'साक्षात्कार एवं सामूहिक विचार-विमर्श - रोजगार का मार्ग ' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था । श्री अजय अग्रवाल, निदेशक, रेपिड लर्निंग सिस्टम्स प्रा0 लि0 वक्ता थे ।

(4) (क) लागत लेखाकारों की आसनसोल शाखा ने दिनांक 28.5.2001 को प्रत्यक्ष कर एवं वित्त विधेयक 2001 में हाल के संशोधन विषय पर एक बैठक आयोजित की थी । श्री पी.के. जैन, प्रैक्टिस कर रहे लागत लेखाकार वक्ता थे ।

(ख) शाखा ने 15.8.2001 को स्वतंत्रता दिवस मनाया था ।

(ग) शाखा की 49 वीं मौखिक कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन प्रो0 बिजित मुखर्जी द्वारा 3.11.2001 को किया गया था ।

घ) शाखा द्वारा 13.2.2002 को तिमाही बैठक आयोजित की गई थी । श्री सी एम साधू, वित्त प्रबंधक, ईसीएल ने 'सतर्कता जागरूकता एवं व्यावसायिक नीति ' विषय पर विचार व्यक्त किए थे।

(ड.) शाखा ने 10.3.2002 को सी एम डी पी आई एल क्लब, आसनसोल में 'बजट 2002-2003- प्रमुख संशोधन एवं उसके प्रभाव ' विषय पर वार्षिक सेमिनार का आयोजन किया था जिसका उद्घाटन श्री अशोक मेहता, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,ई सी एल द्वारा किया गया था ।

(5). (क) कटक-भुवनेश्वर शाखा ने 22.9.2001 को बिजनेस कम्युनिकेशन पर एक कार्यशाला आयोजित की थी । इस दिन मेजर एस के दास, एचआरडी प्रमुख, रिलायंस टेलीकॉम लि0 ने विचार व्यक्त किए थे ।

(ख) श्री पी.के. परीदा, नाल्को के महाप्रबंधक (वित्त) ने 3.10.2001 को मौखिक कोचिंग के 27 वें सत्र का उद्घाटन किया था ।

(ग) 9 से 23 अक्तूबर,2001 के दौरान फाइनल के विद्यार्थियों के लिए एक माड्यूलर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था ।

(घ) होटल मेफेयर लैगून, भुवनेश्वर में 14.10.2001 को 'अनलाक योर पोटेंशियल-स्काइ इज द लिमिट ' पर वार्ता आयोजित की गई थी । श्री अजय अग्रवाल, निदेशक, रेपिड लर्निंग सिस्टम्स प्रा0 लि0 वक्ता थे ।

(ड.) दिनांक 20.11.2001 को भुवनेश्वर में स्ट्रेटेजिक कैपिटल कारपोरेशन प्रा0 लि0 मुम्बई के सहयोग से निवेश प्रबंधन पर वार्ता का आयोजन किया गया था ।

(च) शाखा द्वारा 21.12.2001 को खालिकोट कालेज आडिटोरियम में कैरियल काउंसेलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया था । लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों की भूमिका पर एक सेमिनार भी इस दिन आयोजित किया गया था । इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो0 एम डी पी राव, कालेज प्राचार्य द्वारा किया गया था

(छ) दिनांक 16.1.2002 को एन आई आई टी कैट्स, भुवनेश्वर में विद्यार्थियों के लिए 'कम्प्यूटर हैंड्स आन ट्रेनिंग क्लास ' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था ।

(ज) महर्षि कालेज आफ नेचुरल लॉ, भुवनेश्वर में दिनांक 1.2.2002 को 'एटीट्यूड टू विन ' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया था । इस सेमिनार का उद्घाटन श्रीमती अनीता आचार्य, पूर्व उप सम्पादक, दि टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था ।

(झ) दिनांक 20.2.2002 को होटल स्वाति प्लाजा, भुवनेश्वर में व्यक्तगत कर आयोजना - परिलब्धियों का मूल्यांकन ' पर वार्ता आयोजित की गई थी । प्रो0 एस सम्पत, कारपोरेट टैक्स कंसल्टेंट, वक्ता थे ।

(6) लागत लेखाकरों की धनबाद-सिंदरी शाखा ने दिनांक 12.10.2001 को शाखा परिसर में व्याख्यान माला आयोजित की थी ।

(7) लागत लेखाकारों की रांची शाखा ने दिनांक 10.3.2002 को रांची में एनुअल कन्वेंशन इंटरफेस 2002 का आयोजन किया था। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री ए.के. सिन्हा, सीजीएम, बी एस एन एल ने किया था ।

(8) लागत लेखाकारों की राउरकेला शाखा ने दिनांक 22.9.2001 को शाखा परिसर में सदस्यों की बैठक आयोजित की थी । श्री एम के एल चन्द, वरिष्ठ प्रबंधक (एफ एण्ड ए), राउरकेला स्टील प्लांट ने इस अवसर पर विचार व्यक्त किए थे ।

(9) राउरकेला शाखा ने दिनांक 13.10.2001 को शाखा परिसर मे सदस्यों की बैठक भी आयोजित की थी । इस अवसर पर श्री एन.के. पात्रा, सहायक प्रबंधक (एफ एण्ड ए), राउरकेला स्टील प्लांट ने विचार व्यक्त किए थे ।

(10) शाखा ने आई सी ए आई की राउरकेला शाखा के सहयोग से लेखा मानकों पर अखिल उड़ीसा सम्मेलन आयोजित किया था । श्री जुएल ओराव, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने सम्मेलन का उद्घाटन किया था ।

(11) लागत लेखाकरों की सेरामपुर शाखा ने दिनांक 4.8.2001 को पर्यावरण लेखा परीक्षा - लागत लेखाकारों की भूमिका पर एक बैठक आयोजित की । श्री एन.एन.चटर्जी, पर्यावरण इंजीनियर एवं परामर्शदाता मुख्य वक्ता थे ।

शाखा ने जिला उद्योग केन्द्र, हुगली एवं हुगली जिला परिषद के तत्वावधान में दिनांक 22.2.2002 को उद्यमियो के लिए पाच माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया ।

**उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद**

वर्ष 2001-2002 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या 5,600 थी और सदस्यों की कुल संख्या 3,550 थी । वर्ष के दौरान उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद ने विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलाप आयोजित किए जिनमें से निम्नलिखित प्रमुख हैः-

(1) दिनांक 27.10.2001 को लागत लेखा मानकों पर आधे दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(2) दिनांक 22.9.2001 को एन आई आर सी में 'सिविल सोसाइटी एवं आतंकवाद' पर श्री के0पी.एस गिल ने मुख्य भाषण दिया था जिसमें बड़ी संख्या में भागीदार उपस्थित हुए थे ।

(3) दिनांक 17.11.2001 को 'कारपोरेट गवर्नेंस के कार्यान्वयन' पर श्री वी.पी. कुमार, वरिष्ठ सदस्य ने भाषण दिया था जिसमें बड़ी संख्या में भागीदार उपस्थित हुए थे ।

(4) दिनांक 23.11.2002 को अन्तरण कीमत निर्धारण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था । प्रो0 एस सम्पत, कारपोरेटकर परामर्शदाता मुख्य वक्ता थे ।

(5) दिनांक 22.11.2001 को 'सक्सेस दैट सक्सीड्स' विषय पर आधे दिन का सेमिनार आयोजित किया गया था । डा0 वी.के. चोपड़ा, प्रबंधन परामर्शदाता मुख्य वक्ता थे ।

(6) दिनांक 5.3.2002 को केन्द्रीय बजट 2002-2003 पर एक वार्ता आयोजित की गई थी । श्री एस.डी.कपिला, आयकर महानिदेशक और डा0 डी.पी. सेमवाल, निदेशक, सी बी डी टी अतिथि वक्ता थे ।

(7) लागत लेखा रिकार्ड संबंधी नियमों पर पहला पाठ्यक्रम 2.3.2002 को शुरू होकर 6.4.2002 को सम्पन्न हुआ था । इस पाठ्यक्रम का उद्घाटन श्री जे.के.पुरी, पूर्व अध्यक्ष, आई सी डब्ल्यू ए आई द्वारा किया गया था । श्री आई.पी. सिंह, संयुक्त निदेशक (लागत) मान्य अतिथि थे ।

(8) दिनांक 22.1.2002 को श्री वी.वी. देवधर, अध्यक्ष के साथ आमने-सामने बैठक का आयोजन किया गया था । श्री एम.के. आनन्द, सदस्य, एन आई आर सी और सर्वश्री डी.सी. बजाज, के.एल. जय सिंह तथा चन्द्र वधवा - सी सी एम ने अपने विचार व्यक्त किए थे ।

(9) दिनांक 19.4.2002 को प्रेरणाप्रद वार्ता आयोजित की गई थी । इस अवसर पर श्री पी.एस. राठौड़, वरिष्ठ सदस्य ने विचार व्यक्त किए थे ।

(10) दिनांक 13.10.2001 को प्रैक्टिसकर्ता बैठक आयोजित की गई थी । इसमें, कार्यालय के पदाधिकारियों के अलावा, डा0 के0 एल0 जय सिंह और श्री चन्द्र वधवा - सी सी एम ने अपने विचार व्यक्त किए थे ।

(11) इण्टरमीडिएट और फाइनल के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर पाठ्यक्रम 1.3.2002 को शुरू किया गया था ।

(12) दिनाक 12.10.2001 को अध्ययन वर्ग की बैठक हुई थी जिसमे चर्चा का मुख्य विषय लागत लेखा मानक था ।

(13) दिनांक 15,16.9.2001 को कुशलता विकास का 14 वां पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे 19-20.1.2002 को पुन: आयोजित किया गया था । ले0 जनरल (सेवानिवृत्त) एच.के. कपूर मुख्य वक्ता थे ।

(14) दिनांक 16.9.2001 को अन्तिम वर्ष के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय माड्युलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था । श्री जे.के. पुरी, पूर्व अध्यक्ष, आई सी डब्ल्यू ए आई ने इस पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया था । कार्यक्रम दिनांक 30.9.2001 को सम्पन्न हुआ था । दूसरा कार्यक्रम दिनांक 16.3.2002 को शुरू होकर दिनांक 1.4.2002 को सम्पन्न हुआ था ।

(15) इण्टरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए सामूहिक चर्चा तथा कारबार संचार कुशलता कार्यक्रम प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया जा रहा है ।

(16) दिनांक 7.4.2002 को अशोक होटल, नई दिल्ली में वार्षिक बैठक एवं बधाई समारोह आयोजित किया गया था जिसमे एन आई आर सी के अनेक सदस्य उपस्थित हुए थे जिनमें कुछ पूर्व अध्यक्ष तथा व्यवसाय के अति वरिष्ठ सदस्य अपने परिवार सहित शामिल थे ।

(17) एन आई आर सी के अधिकारियों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों और रा.रा. क्षेत्र दिल्ली के स्कूलों में एक कैरियर काउंसेलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(18) एन आई आर सी के अधिकारियों द्वारा दिनांक 15.5.2002 को एक काउंसेलर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न स्कूलों और कालेजों ने भाग लिया था ।

(19) कलकत्ता में 43 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार प्रदान किया गया था तथा पुरस्कार के प्राप्तकर्ता लागत लेखाकारों की लखनऊ, चंडीगढ़, जयपुर और कोटा शाखाएं थीं ।

(20) लागत लेखाकारों की कानपुर शाखा ने लघु उद्योग पर दिनांक 12.8.2001 को एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया था जिसका उद्घाटन श्री आर.एन. त्रिवेदी, आई.ए.एस, उद्योग निदेशक, उ0 प्र0 द्वारा किया गया था ।

(21) दिनांक 16.2.2002 को 'सेगमेंट रिपोर्टिंग-ए एस 17' पर आधे दिन का सेमिनार आयोजित किया गया था । श्री एच.के. गर्ग, अध्यक्ष, उ0 प्र0 स्टाक एक्सचेंज मुख्य अतिथि थे ।

(22) नोएडा शाखा ने चार्टर्ड एकाउंटेंटों, भारत के कंपनी सचिवों और नोएडा प्रबंधन एसोसिएशन के साथ दिनांक 9.3.2002 को केन्द्रीय बजट पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था ।

(23) दिनांक 29.11.2001 को परिलब्धियों का मूल्यांकन और आय पर करों के लिए लेखाकरण पर लेखाकरण मानक 22 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(24) लागत लेखाकारों की लखनऊ शाखा ने दिनांक 29.7.2001 को 'टर्न अराउंड आफ ए सिक कम्पनी' पर एक पी.डी. कार्यक्रम आयोजित किया । डा0 ए0 सहाय, सी एम डी, स्कूटर्स इंडिया लि0 मुख्य अतिथि थे ।

(25) इस शाखा ने दिनांक 14.4.2002 को 'व्यवसाय के लिए चुनौतियां - विश्व अर्थव्यवस्था पर मंदी का प्रभाव' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया ।

(26) लागत लेखाकारों की चडीगढ़-पंचकुला शाखा ने दिनांक 12 7 2001 को नए केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, दिनांक 25.11 2002 को कंपनी संशोधन अधिनियम, 2002 और दिनांक 23.12 2001 को लेखा मानक पर अध्ययन वर्ग की एक बैठक आयोजित की थी ।

(27) दिनांक 14.10.2001 को मानव संसाधन विकास, 6.1.2002 को लागत प्रबंधन की प्रासंगिकता और 23.2.2002 को मोड बजट 2002 पर सेमिनार भी आयोजित किए गए थे।

(28) लागत लेखाकारो की जोधपुर शाखा ने 24 से 27.2.2002 तक अप्रत्यक्ष करारोपण पर चार दिवसीय पाठ्यक्रम आयोजित किया ।

(29) इस शाखा ने आई सी एस आई की स्थानीय शाखा के साथ दिनांक 30.9.2001 को कंपनी संशोधन अधिनियम, 2002 और सेवा कर पर संयुक्त रूप से एक दिवसीय सेमिनार भी आयोजित किया था ।

(30) लागत लेखाकारों की गाजियाबाद शाखा ने आई सी एस आई की स्थानीय शाखा के साथ दिनांक 14.10.2001 को आय कर अधिनियम में परिलब्धियों के नए मूल्यांकन नियम, उ0 प्र0 मूल्यवर्धित कर और भारतीय अर्थव्यवस्था की बहाली विषय पर एक वार्ता आयोजित की थी ।

(31) आईसीए आई और आईसीएसआई की स्थानीय शाखाओं के साथ दिनांक 3.3.2002 को केन्द्रीय बजट, 2002 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

(32) लागत लेखाकारों की जयपुर शाखा ने दिनांक 9 9.2001 को विश्व अर्थव्यवस्था में लागत प्रबंधन विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया था ।

(33) दिनांक 18.11 2001 को मूल्यवर्धित कर और सेवा कर पर एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें प्रैक्टिस कर रहे सदस्यो और अन्य सदस्यों ने बड़ी संख्या मे भाग लिया था ।

(34) दिनांक 12.10.2001 को लागत प्रबंधन एवं कर योजना पर एक कार्यशाला और सामूहिक चर्चा आयोजित की गई थी ।

